निकायों को छोड़ कर ऐसी संस्थाओं में निजी तौर पर पद ग्रहण न करें, जिन्हें शिक्षा मंत्रालय से अनुदान मिलता हो ।

(ख) मंत्रालय का कोई भी अधिकारी, शिक्षा मंत्रालय से अनुदान प्राप्त करने वाली किसी भी शैक्षिक संस्था का निजी तौर पर पदाधिकारी नहीं है ।

अश्लील पुस्तकें

2088. **श्रीमती श्यामकुमारी देवी:**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री लखमू भवानी :
श्री वारियर :
श्री राम हरख यादव :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली पुलिस ने तीन व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ और हाथरस में कुछ अश्लील पुस्तकें बेचते हुए गिरफ्तार किया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकार ने उनके पास से 1028 अश्लील पुस्तकें पकड़ी हैं ;

(ग) यदि हां, तो उन पुस्तकों की शीर्षक क्या हैं, और

(घ) ये पुस्तकें किस स्थान से प्रकाशित हुई हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र): (क) जी, हां ।

(ख) दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कुल 1068 अश्लील पुस्तकें पकड़ी ।

(ग) पकड़ी गई पुस्तकों के शीर्षक निम्न सूची में दिए गए है ।

1. भांग की पकौड़ी ।
2. मिस विजय ।
3. मेरे महबूब ।
4. अलबेला पिया ।
5. मेरा बचपन मेरी जवानी ।
6. आ गले लगजा ।
7. यादें ।
8. उई मां (उर्फ बदला)
9. अंधेरी रातें ।
10. कोक शास्त्र (हिन्दी)
11. कोक शास्त्र (उर्दू)
12. अश्लील चित्रों की एक पुस्तक ।
13. बेवफ़ा ।
14. झीनी साड़ी ।
15. स्त्री राज ।

(घ) अभी तक इन पुस्तकों के प्रकाशन के स्थान का पता नहीं लगाया जा सका ।

शिक्षा निदेशालय, दिल्ली

2089. **श्री विश्राम प्रसाद :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली प्रशासन के अधीन शिक्षा निदेशालय में स्कूलों के सहायक उपनिरीक्षकों और निरीक्षकों के कितने पद है ; और

(ख) इन पदों पर अनुसूचित जातियों के कितने व्यक्ति काम कर रहे हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला): (क) और (ख). अपेक्षित सूचना एकत्रित की जा रही है और यथासमय सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

हिन्दी सहायक

2090. **श्री विश्राम प्रसाद :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय ने हिन्दी सहायकों को यह अनुमति देने का निर्णय किया है कि वे हिन्दी अधि-